# कार्यालय प्रधानाचार्य, स0ना0 मेडिकल कालेज, आगरा।

पत्रांक/छात्र अनुभाग/2021/2712

दिनांकः 23.06.2020

## एम0बी0बी0एस0 बैच–2020 एवं 2019, 2018 की कक्षाऐं प्रारम्भ करने के लिए विभागों लिए दिशा निर्देश

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या एम0ई0–3/2021/1410 दिनांक 15 जून, 2021 के अनुपालन में छात्र हित में एम0बी0बी0एस0 वर्ष 2020 के छात्र/छात्राओं की कक्षायें दिनांक 05 जुलाई, 2021 व 2018, 2019 के छात्र/छात्राओं की कक्षायें दिनांक 25 जुन, 2021 से प्रारम्भ होनी है। जिसमें कोविड–19 के बचाव हेतु समय–समय पर निर्गत एडवाइजरी विशेषतः गृह (गोपन) अनुभाग–3 के शासनदेश संख्या–2135/2020/सीएक्स–3 दिनांक 01.10.2020 में उल्लिखित कोविड–19 से बचाव सम्बंधी एस0ओ0पी0 व अन्य शर्तों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

सभी विभागाध्यक्ष एम0बी0बी0एस0 वर्ष 2020 एवं 2018, 2019 की कक्षाऐं प्रारम्भ करने के सम्बंध में निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें–

1. सभी छात्रों को अपने साथ आ0टी0पी0सी0आर0 रिर्पोट, अभिभावको द्वारा सहमति पत्र लाना अनिर्वाय होगा। यह तीनों प्रपत्र डीन एकेडमिक्स के पास जमा कराने के उपरान्त इन्हें कक्षाओं में प्रवेश की अनुमति लिखित रूप में दी जायेंगी। 02 दिन पूर्व की आर0टी0पी0सी0आर0 रिर्पोट ही मान्य होगी।
2. सभी कक्षाओं को सम्बन्धित एल0टी0 अटेण्डेण्ट द्वारा नियमित रूप से सेनेटाइज करवाया जायेगा।
3. कक्षा में प्रवेश करने के पूर्व सम्बन्धित एल0टी0 अटैण्डेण्ट द्वारा सभी छात्राओं को इनफारेड थर्मामीटर द्वारा तापमान नापा जायेंगा।
4. सभी छात्रों एवं संकाय सदस्यों द्वारा मास्क पहनना अनिवार्य होगा।
5. सभी छात्र अपने हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करेंगे एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन सुनिश्चित करेंगे।
6. एक बैच के छात्रों को छोटे बैचों में विभाजित करके कक्षाऐं करवाये जायेंगी एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन सुनिश्चित करेंगे।
7. किसी भी विभाग द्वारा वार्ड/बैड साइट टीचिंग नहीं करवाई जायेंगी।
8. क्लीनिकल टीचिंग के लिए पेशन्ट को एल0टी0 में ही बुलवाकर कक्षा करवाई जायेंगी और पेशन्ट की आर0टी0पी0सी0आर0 रिर्पोट निगेटिव आने के पश्चात ही कक्षा करवाना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उप प्रधानाचार्य/समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख अधीक्षक/एकेडमिक डीन/वार्डन महिला छात्रावास/पुरूष छात्रावास/परीक्षा नियत्रंक/एस0सी0आई0 प्रभारी/प्रभारी अधिकारी, यू0जी0, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
2. प्रभारी अधिकारी प्रथम प्रोफेशनल एवं फाइनल प्रोफेशनल पार्ट–द्वितीय को कक्षाऐं प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में।
3. नोडल अधिकारी, स्क्रीनिंग/चिकित्सा जॉच/नोडल अधिकारी, ट्रेनिंग कमिटी।
4. सम्बन्धित विभागाध्यक्ष, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
5. प्रभारी अधिकारी क्वारन्टाइन, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।
6. प्रभारी अधिकारी वेबसाइट, एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।